**SATISH CHANDRA MEMORIAL SCHOOL**

**Practice Test**

**Class – VI**

**HINDI**

**Maximum Marks – 20**

1. **नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और कथनों (Assertion) तथा कारणों (Reason) के आधार पर सही विकल्प को चुनिए।** **(1x5=5)**

एक बार राजेंद्र बाबू चरखा कातते समय सामने प्लेट में रखी किशमिश के दाने खा रहे थे। तभी कहीं से कोई चींटा आकर उस प्लेट पर चढ़ गया। राजेंद्र बाबू ने उसे हटाने के लिए अपनी उंगली से छिटक दिया। चींटा थोड़ी दूर जाकर गिरा और छटपटा कर मर गया। राजेंद्र बाबू बहुत दुखी हुए। राजेंद्र बाबू ने महात्मा गांधी जी से इस घटना का उल्लेख किया और पूछा कि क्या उनसे यह हिंसा हो गई थी। गांधी जी ने कुछ देर सोचकर कहा, "तुमने मात्र चींटी को हटाने के लिए उंगली से छिटका था। तुम्हारा उसे मारने का कोई इरादा नहीं था, इसलिए तुमने कोई हिंसा नहीं की। तुम्हें उसकी मृत्यु का दुख है, यही इसका प्रमाण है।"

क) **कथन(A)** - राजेंद्र बाबू प्लेट में रखी किशमिश के दाने खा रहे थे।

**कारण(R)** - वे तब चरखा कात रहे थे।

A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

B) कथन और कारण दोनों सही हैं।

C) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

D) कथन सही है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।

ख) **कथन(A)** - चींटा थोड़ी दूर जाकर गिरा और छटपटाकर मर गया।

**कारण(R)** - राजेंद्र बाबू ने उसे मसल कर मार दिया।

A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

B) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

C) कथन और कारण दोनों सही हैं।

D) कथन गलत है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या है।

ग) **कथन(A)** - राजेंद्र बाबू ने महात्मा गांधी से घटना का उल्लेख किया।

**कारण(R)** - राजेंद्र बाबू चींटी के मरने पर दुखी थे।

A) कथन और कारण दोनों सही हैं।

B) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

C) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

D) कथन सही है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।

घ) **कथन(A) -** तुमने मात्र चींटी को हटाने के लिए उंगली से छिटका था।

**कारण(R)** – चींटी के मरने पर महात्मा गांधी बहुत दुखी थे।

A) कथन और कारण दोनों सही हैं।

B) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

C) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

D) कथन गलत है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या है।

ङ) **कथन(A)** - महात्मा गांधी किशमिश के दाने खा रहे थे।

**कारण(R)** - वे चरखा कात रहे थे।

A) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।

B) कथन और कारण दोनों सही है।

C) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

D) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

**2. पठित गद्यांश के आधार पर दिए गए कथनों (Assertion) तथा कारणों (Reason) को पढ़कर सही विकल्प को चुनिए। (1x5=5)**

क) **कथन(A)** - पुत्री का नाम सोनिया था।

**कारण(R)** - नेहरू जी की पुत्री मसूरी में रहती थी।

A) कथन और कारण दोनों सही हैं।

B) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

C) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।

D) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

ख) **कथन(A)** - भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे।

**कारण(R)** - जवाहरलाल नेहरू।

A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

B) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

C) कथन और कारण दोनों सही हैं।

D) कथन सही है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।

ग) **कथन(A)** - तुम जानती हो कि यह धरती लाखों-करोड़ों वर्ष पुरानी है।

**कारण(R)** - यह जानकारी नेहरू जी अपनी पुत्री को देते हैं।

A) कथन और कारण दोनों सही हैं।

B) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

C) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

D) कथन सही है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।

घ) **कथन(A)** - पुराने जमाने में हमें किताबों के अलावा भी जानकारी मिलती है।

**कारण(R)** - दुनिया का पुराना हाल जानने का मौका हमें इतिहास की किताब से मिलता है।

A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

B) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

C) कथन और कारण दोनों सही हैं।

D) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।

ङ) **कथन(A)** - नेहरू जी ने प्रकृति के अक्षर पढ़ने के लिए कहा है।

**कारण(R)** - अपनी पुत्री इंदिरा को संसार के बारे में समझाना चाहते थे।

A) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

B) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।

C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

D) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।

**3. नीचे दिए गए कथनों (Assertion) तथा कारणों (Reason) को पढ़कर सही विकल्प को चुनिए। (1x10=10)**

क) **कथन(A)** - "प्रत्युपकार" स्वर संधि का उदाहरण है।

**कारण(R)** - यह अयादि संधि है।

A) कथन और कारण दोनों सही हैं।

B) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

C) कथन और कारण दोनों गलत है।

D) कथन गलत है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।

ख) **कथन(A)** - "तुमने अपना गृहकार्य कर लिया?" यह सर्वनाम का उदाहरण है।

**कारण(R)** - यह संबंधवाचक सर्वनाम है।

A) कथन और कारण दोनों सही हैं।

B) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

C) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

D) कथन गलत है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।

ग) **कथन(A)** - "अंग-अंग ढीला होना" - मुहावरा है।

**कारण(R)** - बहुत थक जाना - अर्थ है।

A) कथन सही है किंतु कारण गलत है।

B) कथन और कारण दोनों सही हैं।

C) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

D) कथन गलत है किन्तु कारण, कथन की सही व्याख्या है।

घ) **कथन(A)** - "मुझे थोड़ा खाना दे दो" - विशेषण का उदाहरण है।

**कारण(R)** - संख्यावाचक विशेषण है।

A) कथन और कारण दोनों सही हैं।

B) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

C) कथन गलत है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या है।

D) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

ङ) **कथन(A)** - ज्ञान की बातों को संग्रहित करके रखा जाता है, ताकि अगली पीढ़ी उस ज्ञान का लाभ उठा सके।

**कारण(R)** - उसे साहित्य कहा जाता है।

A) कथन और कारण दोनों सही हैं।

B) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

C) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

D) कथन सही है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।

च) **कथन(A)** - वे शब्दांश जो शब्दों से पहले जुड़कर उनके अर्थ में विशेषता या परिवर्तन ला देते हैं।

**कारण(R)** - वे प्रत्यय कहलाते हैं।

A) कथन और कारण दोनों सही हैं।

B) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

C) कथन सही है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।

D) कारण सही है किंतु कथन गलत है।

छ) **कथन(A)** - "सोनिया कॉलेज से तुरंत आ गई"। यह क्रियाविशेषण का उदाहरण है।

**कारण(R)** - यह कालवाचक क्रियाविशेषण है।

A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

B) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

C) कथन गलत है किन्तु कारण, कथन की सही व्याख्या है।

D) कथन और कारण दोनों सही है।

ज) **कथन(A)** - "मेरा घर सबसे सुंदर है"। यह विशेषण का उदाहरण है।

**कारण(R)** - यह सार्वनामिक विशेषण है।

A) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

B) कथन और कारण दोनों सही हैं।

C) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

D) कथन गलत है किन्तु कारण, कथन की सही व्याख्या है।

झ) **कथन(A)** - "जन्मोत्सव" स्वर संधि का उदाहरण है।

**कारण(R)** - यह वृद्धि संधि है।

A) कथन और कारण दोनों सही हैं।

B) कथन गलत है किंतु कारण सही है।

C) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

D) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

ञ) **कथन(A)** - वे शब्दांश जो शब्दों के अंत में लगकर उनके अर्थ में परिवर्तन या विशेषता ला देते हैं।

**कारण(R)** - वे उपसर्ग कहलाते हैं।

A) कथन और कारण दोनों सही हैं।

B) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

C) कथन सही है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।

D) कारण सही है, किंतु कथन गलत है।